■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-49)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 08 जनवरी, 2024



▶ प्राण प्रतिष्ठा पर कानपुर-बुंदेलखंड में होंगे सवा लाख भंडारे

▶ पुलिस कमिश्नर डा0 आरके स्वर्णकार का हुआ स्थानान्तरण

# पीएम मोदी ने बदल दी देश की तस्वीर: सीएम योगी

## संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, लाभार्थियों से किया संवाद, 6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। एम्स जैसे वैश्विक स्तर के चिकित्सा संस्थानऔर फर्टिलाइजर जैसे कारखाने बन रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उसी के परिणाम स्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रही है।

### बिना भेदभाव सभी को मिल रहा योजनाओं का लाभ

सीएम योगी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

पहले जहां गरीबों के राशन पर राशन माफिया डकैती डालते थे। भ्रष्टाचार के नाते गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश मे 80 करोड़ तथा यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुज़्त राशन मिल रहा है। पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में दम तोड़ देता था। वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में 4 करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है। मुज़्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं था तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थी। आज देश में 12 करोड़ व यूपी में 3 करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गये। पहले गरीब के घर में भोजन के लिए न ईंधन, न गैस सिलेंडर, न केरोसिन, न कोयला की व्यवस्था थी। आज देश में 10 करोड़ व यूपी में 1.75 करोड़ गरीबों को मुज़्त में रसोई गैस कनेज़्शन दिए गये हैं। प्रदेश सरकार ने होली व दीपावली में मुज़्त रसोई गैस सिलेंडरदेने का कार्य भी शुरू किया है। ये सब कार्य गरीबों की खुशहाली के लिए हो रहे हैं।

नौजवानों को रोजगार प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्य हो रहे हैं।। गांव में लोगों को मकान का मालिकाना अधिकार देने के लिए स्वामित्व योजना, किसानों के लिए पीएम किसान सज़्मान निधि योजना संचालित है।

### 2047 में विकास की प्रक्रिया से पूरी तरह संतृप्त होगा भारत

सीएम योगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबों के जीवन में परिवर्तन का कारक बन रही हैं। इस तरह के परिणाम के साथ हम एक संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहे तो वर्ष 2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताज़्दी महोत्सव मनाएगा तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को देख पायेंगे।

जिस भारत में गरीबी, अशिक्षा, अव्यवस्था, असुरक्षा नहीं होगी बल्कि उसमें दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य होगा। हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली होगी, विकास की प्रक्रिया पूरी संतृप्त होगी। एक ऐसा भारत होगा जिस पर हर भारतीय गौरव की अनुभूति करेगा और दुनिया उसका अनुसरण करेगी। मुज़्यमंत्री ने कहा कि इन्ही संकल्पों को ध्यान में रखकर पीएम मोदी ने विकसित भार होगा।

# एकनाथ सिंदे की शिवसेना ने राम मंदिर को लेकर खोला अपना खजाना, दान में दिए 11 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने शनिवार को अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये का दान दिया। पार्टी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें पार्टी सांसद श्रीकांत शिंदे, महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत, पार्टी प्रवक्ता नरेश म्हस्के, आशीष कुलकर्णी और पार्टी सचिव भाऊ चौधरी शामिल थे, ने श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की और 11 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। उदय सामंत ने कहा कि महाराष्ट्र के सीएम और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र की जनता और शिवसेना की ओर से राम मंदिर के लिए 11 करोड़ रुपये दिए हैं। आज हम यहां चेक सौंपने आये हैं। वहीं, चंपत राय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के सांसद श्रीकांत शिंदे महाराष्ट्र के लोगों की ओर से 11 करोड़ रुपये का चेक सौंपने यहां आए। राशि बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई है। राम मंदिर का अभिषेक 22 जनवरी को होगा। इससे पहले मुंबई में एक स्वच्छता अभियान को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, ''राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाएगा। मैं बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) आयुक्त से पूरे मुंबई शहर में दिवाली मनाने के लिए कहना चाहता हूं। मंदिरों और इमारतों पर सजावटी लाइट भी लगाई जाएं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर (शिवसेना संस्थापक) दिवंगत बालासाहेब ठाकरे और भगवान राम के भक्तों का एक सपना था। उन्होंने कहा, ''मोदी जी ने राम मंदिर निर्माण के सपने को हकीकत में बदल दिया। प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करते हैं। सभी मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हैं।'' उन्होंने संवादाताओं के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के सभी हिस्सों में 22 जनवरी का दिन दिवाली की तरह मनाया जाना चाहिए। ये पूछे जाने पर कि क्या राम मंदिर के उद्घाटन का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है, तो शिंदे ने कहा कि राम मंदिर लोगों की आस्था का विषय है, इसलिए यह राजनीतिक मुद्दा नहीं हो सकता। उन्होंने परोक्ष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग घर से काम करने के लिए जाने जाते हैं, वह स्थायी रूप से घर ही बैठेंगे।

# योगी के मंत्री को जिंदा जला दूंगा

## 30 दिसंबर को नगर निगम की हुई थी बैठक, पुलिस अफसरों पर भी अमर्यादित टिप्पणी

मेरठ। मेरठ नगर निगम की बोर्ड बैठक में सपा और बसपा पार्षदों के साथ हुई मारपीट का मामला बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को कलक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे सपा सरकार में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति वित्तीय विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे मुकेश सिद्धार्थ ने खुलेआम धमकी दी। कहा कि कार्रवाई न होने पर ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, उनके वाहन और घर को आग लगा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने शहर फूंकने की भी धमकी



दी।मुकेश सिद्धार्थ ने डीएम और एसएसपी के साथ ही उनके बच्चों पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की। पुलिस ने सिविल लाइंस थाने में मुकेश सिद्धार्थ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।बता दें कि पिछले महीने 30 दिसंबर को नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान सपा पार्षद कुलदीप उर्फ कीर्ति घोपला और बसपा पार्षद आशीष चौधरी संग हुई मारपीट में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया था। सपा समेत विरोधी दल ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर और एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज पर केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। अलग-अलग संगठनों के साथ सपा नेता शनिवार को कलक्ट्रेट का घेराव कर करने पहुंचे।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की गोली मारकर हत्या, फैली सनसनी



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बदमाशों ने फाइनेन्स कंपनी कर्मचारी की रविवार की शाम गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार फाइंसेन्स कम्पनी के सीजर वीर बहादुर सिंह अपने चार पहिया वाहन से सूरज चौहान, विशाल और ड्राइवर सूरज सिंह के साथ थे। बाबतपुर ओवरब्रिज पर किसी चार पहिया वाहन को क़िस्त कों लकर रोका गया तो उसमे से लोगों ने वीर बहादुर सिंह को गोली मार दी, जिन्हे घायल अवस्था में बाबतपुर चौकी प्रभारी प्रतिमा तिवारी सिंह मेडिकल हॉस्पिटल मलदहिया पहुंचे। यहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौके पर एसीपी बड़ागांव और कई थाने की फोर्स मौजूद है।

# पीएम मोदी हुए गीता रबारी द्वारा गाए गए राम भजन के फैन



गुजरात की लोक गायिका गीता रबारी द्वारा गाया गया गीत श्री राम घर आए सोशल मीडिया पर इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है। इस गीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि अयोध्या में प्रभु राम के दिव्य भव्य मंदिर में राम लला के आगामन का इतंजार खत्म होने वाला है। देशभर के मेरे परिवारजनों को उनकी प्राण प्रतिष्ठा की बेसब्री से इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गीता रबारी के गीत को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खुद का गाया हुआ गीत शेयर किए जाने पर उन्होंने इसे खुद के लिए गौरव का क्षण बताया है। श्री राम घर आए गीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया जो एक गौरव का पल है। भारत की बेटियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा आशीर्वाद देते आए हैं।









## संपादकीय

## साइबर अपराधों का वार

ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है। दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। यह खबर परेशान करने वाली है कि देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं। यह समस्या कितना जटिल रूप ले चुकी है कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वैसे साइबर क्राइम की छद्म प्रवृत्ति से अनभिज्ञ लोग भी जल्दी अपराधियों के झांसे में फंस जाते हैं। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़े अभियान चलाए गए हैं। राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं।दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरुआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी। इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्राड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए। इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए। इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है।

# सधी हुई चाल चल रहे हैं हेमंत सोरेन

उस समय कांग्रेसी विधायकों की आलाकमान से नाराजगी उनके टूटने की वजह बताई जा रही थी। तब पार्टी को तोड़कर भाजपा में शामिल होने के कथित आरोपी विधायकों का बंगाल कनेक्शन खुलकर सामने आया था। शायद इसीलिए कांग्रेस पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड सरकार पर आने वाले संकट को भांपकर पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर लेना चाहता था।देखा जाए तो कांग्रेस की यह बैठक वास्तव में अपने विधायकों की नब्ज टटोलने की एक कोशिश भर थी। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को यह डर सता रहा है कि कहीं संकट की घड़ी में उनके विधायक टूट न जाएं। इसीलिए कांग्रेस के आलाकमान ने राज्य कांग्रेस के प्रभारी मीर को रांची भेजकर विधायकों को एकजुट रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही होगी। इस बात में वजन इसलिए भी है, क्योंकि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन के भीतर यदि सबसे अधिक खतरा किसी पार्टी के टूटने का है तो वह कांग्रेस ही है।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से भेजे गए समन के मद्देनजर झारखंड के राजनीतिक गलियारों में यह कयास लगाया जा रहा है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तरह ही इस बार झारखंड में हेमंत सोरेन भी पत्नी कल्पना सोरेन को राजनीतिक विरासत सौंप सकते हैं।दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सातवीं बार भेजे गए समन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं समेत आईएनडीआईए गठबंधन के तमाम राजनीतिक दलों के बीच झारखंड सरकार के भविष्य को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। यही कारण है कि कांग्रेस के राज्य विधायक दल ने भी आनन-फानन में तीन जनवरी को एक बैठक आहूत की, जिसमें राज्य के चारों मंत्रियों समेत 13 विधायक तथा राज्य कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी भाग लिया। हालांकि, कांग्रेस की ओर से मीर ने बैठक को लेकर मीडिया से इतना ही कहा कि विधायकों के साथ बैठक काफी अच्छी रही।देखा जाए तो कांग्रेस की यह बैठक वास्तव में अपने विधायकों की नब्ज टटोलने की एक कोशिश भर थी। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को यह डर सता रहा है कि कहीं संकट की घड़ी में उनके विधायक टूट न जाएं। इसीलिए कांग्रेस के आलाकमान ने राज्य कांग्रेस के प्रभारी मीर को रांची भेजकर विधायकों को एकजुट रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही होगी। इस बात में वजन इसलिए भी है, क्योंकि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन के भीतर यदि सबसे अधिक खतरा किसी पार्टी के टूटने का है तो वह कांग्रेस ही है, क्योंकि संकट की घड़ी आने पर सबसे पहले कांग्रेसी विधायक ही इधर-से-उधर होते पाए गए हैं। इससे पहले भी एक बार झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार के गिरने की खबर फैली थी, जब राजनीतिक गलियारों में यह बात खूब उछली थी कि कई कांग्रेसी विधायक भाजपा के कुछ केंद्रीय एवं स्थानीय नेताओं के संपर्क में लगातार बने हुए हैं। उस समय कांग्रेसी विधायकों की आलाकमान से नाराजगी उनके टूटने की वजह बताई जा रही थी। तब पार्टी को तोड़कर भाजपा में शामिल होने के कथित आरोपी विधायकों का बंगाल कनेक्शन खुलकर सामने आया था। शायद इसीलिए कांग्रेस पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड सरकार पर आने वाले संकट को भांपकर पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर लेना चाहता था।देखा जाए तो कांग्रेस की यह बैठक वास्तव में अपने विधायकों की नब्ज टटोलने की एक कोशिश भर थी। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को यह डर सता रहा है कि कहीं संकट की घड़ी में उनके विधायक टूट न जाएं। इसीलिए कांग्रेस के आलाकमान ने राज्य कांग्रेस के प्रभारी मीर को रांची भेजकर विधायकों को एकजुट रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही होगी। इस बात में वजन इसलिए भी है, क्योंकि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन के भीतर यदि सबसे अधिक खतरा किसी पार्टी के टूटने का है तो वह कांग्रेस ही है, क्योंकि संकट की घड़ी आने पर सबसे पहले कांग्रेसी विधायक ही इधर-से-उधर होते पाए गए हैं।उधर झामुमो के भीतर ईडी की ओर से मुख्यमंत्री सोरेन को भेजे गए समन को लेकर अलग ही भय का माहौल बना हुआ है, क्योंकि केंद्रीय एजेंसी की ओर से उन्हें सातवीं बार समन भेजा गया था, जिसे आखिरी समन बताया जा रहा है। हालांकि उसे षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए मुख्यमंत्री इस बार भी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए और उन्होंने समन का गोल-मोल जवाब भेज दिया। देखा जाए तो ईडी को जवाब भेजकर उन्होंने खानापूर्ति भले ही कर ली हो, लेकिन वे भी जानते हैं कि उनके ऊपर ईडी की तलवार हर वक्त लटक रही है, जिससे अब उनका बचना बेहद कठिन ही नहीं, बल्कि असंभव प्रतीत होने लगा है। इसका प्रमुख कारण इस मामले में ईडी का वह अल्टीमेटम है, जो एजेंसी ने मुख्यमंत्री को समन के साथ भेजा था। उसमें एजेंसी ने मुख्यमंत्री से साफ-साफ कहा था कि या तो पूछताछ के लिए वे स्वयं उपस्थित हों अथवा केंद्रीय एजेंसी को स्थान और तिथि बताएं, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। बहरहाल, अब इस मामले में यह संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय एजेंसी वैधानिक प्रक्रियाएं अपनाकर पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री को हिरासत में ले सकती है। संभव है कि विपक्ष के नेता हेमंत सोरेन के इस कदम को मूर्खतापूर्ण मानने की गलती कर दें, लेकिन सच तो यह है कि गिरफ्तारी अथवा ईडी द्वारा हिरासत में लिए जाने की स्थिति में सोरेन जनता के बीच स्वयं को पीड़ित (विक्टिम) दिखाकर आगे की राजनीति साधने की तैयारी में हैं।यही नहीं, हर स्थिति में वे राज्य का सिंहासन अपने ही किसी करीबी (शायद पत्नी) के पास रखना चाहते हैं। तभी तो तीन जनवरी को आनन-फानन में आईएनडीआईए गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों के विधायकों के साथ मुख्यमंत्री आवास में बैठक कर उन्हें रांची से दूर जाने से मना करते हुए यह कहा था कि फिलहाल वे उतनी ही दूरी पर रहें कि जरूरत पड़ने पर तीन घंटे के भीतर मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच सकें। भाजपा विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने भी हेमंत सोरेन पर हमला करते हुए विधायकों को बरगलाने का आरोप लगाया है।बहरहाल, पल-पल बदलते राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच हेमंत सोरेन की बेहद सधी चालों पर यदि गौर किया जाए तो मालूम होता है कि मुख्यमंत्री फिलहाल अपने पत्ते खोलने वाले नहीं हैं, बल्कि वे 'वेट एण्ड वॉच' की रणनीति पर चलते हुए ईडी के अगले कदम पर नजर बनाए हुए हैं। तात्पर्य यह कि झारखंड में राजनीतिक ऊहापोह की स्थिति अभी बनी रहेगी।

# नहीं जायेंगे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में, शंकराचार्य नाराज ..!

राम आएंगे का लोकप्रिय गीत आजकल सबके जुबान पर चढ़ा हुआ है । हर तरफ अयोध्या के सजने सवरने को लेकर चर्चा है। घर घर स्थानीय कार्यकर्ता अक्षत चावल लेकर लोगो से आगामी अयोध्या उत्सव में शामिल होने की गुहार लगा रहें। बहुप्रतिक्षित राम मंदिर निर्माण और भगवान राम प्रभु के उनके महल में आगमन को लेकर देश में अजीब सा माहौल बनाया जा रहा किन्तु साधु संतो में इसे लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। संतो का मानना है कि भगवान राम का उनके महल में प्राण प्रतिष्ठा किसी वेदपाठी ब्राह्मण यजमान के हाथों हो जो कि तर्कसंगत और विचारणीय भी है। साधु संतो ने बातो बातो में यह तक कह दिया कि प्रभु श्री राम को राजनीति में घसीटा जा रहा जो राम मंदिर के उत्साह को सियासी रंग देगा, ऐसे में कई नामी गिरामी साधु संतो ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या ना जाने का फैसला लिया है। पूरे भारत के कई संत और मठाधीश राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ना शामिल होने का निर्णय लिया है। लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं, लेकिन जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य ने अयोध्या जाने से मना कर दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए ये भी आरोप लगाया कि 'राम मंदिर पर राजनीति हो रही है, धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। शंकराचार्य बोले कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों से चल तो रही हैं किन्तु यह भक्तों के लिए नहीं राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित है। कुछ संतो का मानना है कि भव्य समारोह रखा तो गया है किन्तु यह उपर्युक्त समय और मुहूर्त को अनदेखा करके राजनीतिक और चुनावी लाभ के लिए रखा गया है। उधर यूपी सरकार और उसका प्रशासन पूरे दम-ख़म से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य यजमान के तौर पर आमंत्रित किया गया है। आम तौर पर मुख्य यजमान ही प्राण-प्रतिष्ठा करते हैं। यानी पूजा-अर्चना के साथ गर्भ गृह में मूर्ति को विराजमान करवाते हैं जिसे लेकर साधु संतो ने घोर आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि वेदो और शास्त्रों में तपश्वी विप्र और वेदपाठी को ही यह अधिकार दिया गया है कि वह प्राण प्रतिष्ठा हेतु सार्वजनिक अनुष्ठान करें और मुख्य यजमान के रूप में संकल्प ले। ओडिशा के जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, 'हिंदू जागरण सम्मेलन' को संबोधित करने आए। इसी दौरान उनसे पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या नहीं जाएंगे क्योंकि यह एक पार्टी विशेष के लोक सभा के चुनाव में फायदा लेने के उद्द्येशय से रामनवमी से पहले किया जा रहा है इसलिए मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने नहीं जा रहा हूं ! स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि प्रधान मोदी लोकार्पण करेंगे, मूर्ति का स्पर्श करेंगे तो मैं वहां तालियां बजाकर जय-जयकार करूंगा क्या ? क्या मेरे पद की यही मर्यादा है ! राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए, ऐसे आयोजन में मैं क्यों जाऊं ? पत्रकारों ने उनसे राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से मिले निमंत्रण के बारे में पूछा तो इस पर शंकराचार्य ने कहा कि मुझे जो आमंत्रण मिला है उसमें लिखा है कि शंकराचार्य आना चाहें तो अपने साथ एक और व्यक्ति के साथ आ सकते हैं।इसके अलावा हमसे किसी तरह का अब तक संपर्क नहीं किया गया है, वो सौ व्यक्तियों के लिए कहते तो भी नहीं जाता। शंकराचार्य ने कहा कि 'राम मंदिर पर जिस तरह की राजनीति हो रही है, वह नहीं होनी चाहिए। इस समय राजनीति में कुछ सही नहीं है। उन्होंने धर्म स्थलों पर बनाए जा रहे कॉरिडोर की भी आलोचना की।'धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने ये भी कहा कि 'आज सभी प्रमुख धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है. इस तरह इन्हें भोग-विलासता की चीजों से जोड़ा जा रहा है, जो ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि दुनिया में चाहे जिस भी धर्म के लोग हों, उन सभी के पूर्वज हिंदू थे। भगवद्कृपा से गैर हिंदू देशों में भी मेरे संदेश का प्रसारण होता है।उल्लेखनीय है कि निश्चलानंद सरस्वती पुरी के श्रीगोवर्धन पीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य हैं. उनका जन्म 1943 में बिहार के मधुबनी जिले ,बिहार में हुआ था। वह दरभंगा के महाराजा के राज-पंडित के पुत्र हैं और मैथिल ब्राह्मण परिवार में जन्म लिए और उन्हें धर्म आचरण का ज्ञान है।



**संतो का मानना है कि भगवान राम का उनके महल में प्राण प्रतिष्ठा किसी वेदपाठी ब्राह्मण यजमान के हाथों हो जो कि तर्कसंगत और विचारणीय भी है। साधु संतो ने बातो बातो में यह तक कह दिया कि प्रभु श्री राम को राजनीति में घसीटा जा रहा जो राम मंदिर के उत्साह को सियासी रंग देगा, ऐसे में कई नामी गिरामी साधु संतो ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या ना जाने का फैसला लिया है। पूरे भारत के कई संत और मठाधीश राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ना शामिल होने का निर्णय लिया है।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

## शहर में होगी मिलावट की जांच, बगदौधी कछार में तैयार हुई प्रयोगशाला

मिलावट की जांच के नमूने अभी तक भेजे जाते थे दूसरे शहर में, होती थी लेट-लतीफी

शहर में तैयार प्रयोगशाला को मार्च तक विभाग को कर दिया जायेगा हस्तांतरित

कानपुर नगर, कानपुर नगर में मिलावट करने वालों पर प्रशासन द्वारा अब आसानी से कार्यवाही की जा सकेगी। अभी तक जहां मिलावट की सामग्रियों की जांच के नमूनो को दूसरे शहरों में भेजा जाता है, जिससे कार्यवाई होने में काफी समय लग जाता था, किन्तु अब एसा नही होगा और जांच अब कानपुर में ही सकेगी। मिलावटी वस्तुओं के नमूनों की जांच के लिए बगदौधी कछार में भवन बनकर तैयार हो गया है और बताया यह जात रहा है कि मार्च तक इस भवन को विभाग के सुर्पद कर भी दिया जायेगा। मिलावटी सामग्रियों के नमूनो की जांच अब कानपुर में ही संभव हो सकेगी। उत्तर प्रदेश में मात्र छह ऐसी प्रयोगशालाएं है, जिनमें जांच के लिए नमूने भेजे जाते थे। चूंकि प्रदेश के हर शहर से जांच इन प्रयोगशालाओं में जाती थी, ऐसे में परिणाम आने में काफी समय लगता था और समय पर आरोपी के विरूद्ध कोई कार्यवाई नही हो पा रही थी, लेकिन अब ऐसा नही होगा। नए वर्ष में कानपुर के बगदौधी कछार में प्रयोगशाला का निर्माण हो चुका है, जहां वस्तुओं के नमूनो की जांच हो जायेगी और यह प्रयोगशाला बनकर तैयार भी हो चुकी है।

करोडो की लागत से बनी इस कार्यशाला को आने वाले मार्च महीने में खाध सुरक्षाएवं औषधि विभाग को यह भवन सौंप दिया जायेगा। बताया जाता है कि यह तीन तल के भवन का निर्माण कराया गया है, जिसमें प्रयोशाला सहित अन्य दूसरी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी साथ ही खाध नमूनों की जल्द जांच होने से समय पर कार्यवाही हो सकेगी। इस नऐ भवन की प्रयोगशाला में इटावा, कन्नौज, औरईया, फरूखाबाद तथ कानपुर देहात जिलों की खाध सामग्री के नमूनो की जांच होगी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को एतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की संभावना



गोंदिया ।वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे माननीय पीएम महोदय ने 7 वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे।उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हमपीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल?प प्रश?नोत?तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत?साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम ङ्क परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल?पना की है ङ्क जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत?सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत?माभिव?यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत?साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन?म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन?म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन?न गतिविधियों काआयोजन किया जाएगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे ङ्क जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सम्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# चौकी इंचार्ज पर गिरी गाज

## संघ पदाधिकारी से कहासुनी में लाइन हाजिर

## कलश यात्रा में हुआ था विवाद



**बीपीएस न्यूज**

**कानपुर।** संघ पदाधिकारी से कहासुनी में एसपी ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया। एक जनवरी को जाम लगने पर कलश यात्रा को आगे बढ़ाने को लेकर कार्यकर्ताओं से विवाद हो गया था। पदाधिकारी ने इसका विरोध कर एसपी से शिकायत कर दी थी ।एक जनवरी को अमृतपुर क्षेत्र में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। संघ के जिला प्रचारक प्रवीण की अगुवाई में कार्यकर्ता व पदाधिकारी भगवान राम के जयकारे लगाते हुए जा रहे थे। गांव नगला हूसा के सामने जाम लग गया। ड्यूटी पर तैनात अमृतपुर चौकी इंचार्ज नागेंद्र कुमार ने यात्रा को आगे बढ़ाने की बात कही। इस पर कार्यकर्ताओं सहित एक पदाधिकारी से उनकी कहासुनी होने लगी। इसके बाद भी चौकी इंचार्ज ने यात्रा को आगे बढ़वा दिया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने जयकारे लगाकर विरोध किया था ।पदाधिकारी ने इसकी शिकायत एसपी विकास कुमार से कर दी। एसपी ने चौकी इंचार्ज नागेंद्र कुमार को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया। एएसपी डॉ संजय कुमार ने बताया कि लापरवाही में चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है।

# अवासी महानुभव के निमित्त दैनिक उपयोग की सामग्री अयोध्या रवाना की गई

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त आए साधु संत विशिष्ट जनों के हेतु जो आवास अयोध्या में बनाए गए हैं उन आवासी महानुभव के निमित्त दैनिक उपयोग की सामग्री विश्व हिंदू परिषद कार्यालय गोविंद नगर से ट्रक के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना हुई सर्वप्रथम पनकी धाम के पूज्य महंत प्रांत संघचालक भवानी भीख, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ अनुपम, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव महाना, प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने भगवान श्री राम के चित्र की पूजन किया तथा सामान से भरे हुए ट्रक को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रक में साबुन, तेल, मंजन, हैंगर,साबुनदानी, मैट स्लीपर चप्पल आदि दैनिक उपयोग की सामग्री भेजी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ उमेश पालीवाल जी संघ के विभाग संघचालक डॉक्टर श्यामबाबू गुप्ता विभाग प्रचारक बैरिस्टर तथा विश्व हिंदू परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# महिला की मौत पर पुरोहित पति और ननद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गुजैनी थाना क्षेत्र के जरौली में महिला की दूसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध मौत के मामले में मृतक महिला के पुरोहित का काम करने वाले पति और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ जांच करके साक्ष्य जुटा रही है। कॉल डिटेल और फोरेंसिक एक्सपर्ट की रिपोर्ट आने के बाद मामले में आरोपियों की अरेस्टिंग की जाएगी ।कन्नौज के गुरसहायगंज बड़ा गांव में रहने वाली अंजलि त्रिपाठी (32) का 13 साल पहले जरौली निवासी पुरोहित का काम करने वाले अवनीश त्रिपाठी से हुआ था। उनके दो बेटे और दो बेटियां है। अंजलि के भाई सुमित ने आरोप लगाया कि 10 दिन पूर्व अंजलि के पति अवनीश और ननद सुनीता ने दूसरी मंजिल से फेंक कर बहन अंजलि की हत्या कर दी। हत्या को हादसे का रूप देने के लिए दोनों अंजलि को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जांच अंजलि की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुजैनी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची थी। जांच के दौरान पुलिस और फोरेंसिक टीम को कई अहम साक्ष्य मिले थे। अब मामले में गुरुवार को गुजैनी पुलिस ने हत्यारोपी पति अवनीश त्रिपाठी और ननद सुनीता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला के दोनों हाथ-पैर और सिर की हड्डी टूटी मिली है। जांच के बाद हत्यारोपी पति और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

# नवजात की मौत पर हैलट में हंगामा

## परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में बुधवार रात नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की हालत बिगड़ने पर कई बार हृद्धष्ट में मौजूद डॉक्टर से जाकर कहा, लेकिन किसी ने भी नहीं सुनी, जब बच्चे की मौत हो गई तो उन्होंने कहा कि अब बच्चों में कुछ नहीं बचा इसे ले जाइए। इससे नाराज परिजनों ने 112 में पुलिस से शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चौबेपुर निवासी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 28 दिसंबर 2023 को पत्नी विद्या देवी को जच्चा बच्चा विभाग में भर्ती कराया था, जहां पर पत्नी का 1 जनवरी को ऑपरेशन कर डिलीवरी कराई गई। पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया था। जन्म के तुरन्त बाद उसे डॉक्टर ने हृद्धष्ट में रखा लेकिन कुछ देर बाद निकाल दिया और कहा कि अब बच्चे को कोई भी दिक्कत नहीं है। तब से बच्चों को लगातार दिक्कत हो रही थी। बार-बार उसके हाथ पैर ठंडे पड़ रहे थे, हम लोग डॉक्टर से गुहार लगा रहे थे, लेकिन डॉक्टरों ने एक न सुनी। 3 जनवरी की रात को अचानक से फिर तबीयत बिगड़ी तो रात करीब 8ः30 बजे फिर डॉक्टर के पास ले गए लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि बच्चा बिल्कुल ठीक है। उसे थोड़े कपड़े और पहना दो ताकि शरीर गर्म हो जाए और रात 9ः30 बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया ।पुलिस ने भी टरकाया, तब कंट्रोल रूम में दी सूचना शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जब शिकायत लेकर हैलट अस्पताल की पुलिस चौकी पहुंचे तो वहां पर पुलिस ने भी मुझे ठहला दिया और कहा कि पहले बच्चों को देखो फिर आना। इसके बाद शैलेंद्र ने 112 में फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां मौजूद डॉक्टर से बातचीत की इसके बाद शैलेंद्र से तहरीर देने को कहा। शैलेंद्र की तहरीर पर स्वरूप नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. अरुण कुमार आर्या ने कहां की मामला काफी गंभीर है। इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी, जो भी डॉक्टर इसमें दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

# तिरंगे गुब्बारे का गुच्छा अवमुक्त कर खेल स्पर्धाएं की गई शुरू



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।किदवईनगर, स्थित वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, में 27वें अखिल भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत कानपुर जोन की कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, फर्रूखाबाद, कन्नौज, लायन सफारी इटावा, वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर एवं वन्य जीव पश्चिमी के 200 खिलाडियों द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न श्रेणी के प्रतिभागी ओपेन, बैटरन एवं सीनियर बैटरन श्रेणी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इस जोनल खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एन0 रविन्द्रा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पश्चिमी के द्वारा विशिष्ट अतिथि के0के0 सिंह, मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर, गणमान्य अतिथिगण अनिल पटेल, निदेशक, लायन सफारी इटावा, श्रद्धा यादव, उप वन संरक्षक, वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर, दिव्या, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर नगर, अतुलकान्त शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, इटावा, ए0के0 द्धिवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात, आर0एस0 यादव, प्रभागीय वनाधिकारी, फर्रूखाबाद, हेमन्त सेठ, प्रभागीय वनाधिकारी, कन्नौज की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर तिरंगे गुब्बारे का गुच्छा अवमुक्त कर खेल स्पर्धायें प्रारम्भ की गयी। इन खेल स्पर्धाओं के माध्यम से विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन प्रदेश स्तरीय वन खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु चयन किया जायेगा। प्रदेश स्तर के उपरान्त अखिल भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु भी खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

# हाड़ कंपाऊ ठण्ड में गंगा टास्क फोर्स ने चलाया निर्मल गंगा जागरूकता अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने श्री रामधाम व्यास आदर्श उच्चतर संस्कृत विद्यालय बिठुर,कानपुर नगर में गंगा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वोमेन इम्पावर एंड वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक डॉ प्रतिभा मिश्रा,शशांक शुक्ला ज़िला परियोजना अधिकारी, अशोक प्रधानाध्यापक रामधाम व्यास आदर्श उच्चतर संस्कृत विधालय बिठुर और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया के परियोजना सहायक पवन कटिहार, स्कूल स्टाफ एवं छात्र तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे ।गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने छात्रों और ग्रामवासियों को गंगा जी के उत्थान एवं संग्रखण तथा गंगा जी के निर्मल और अविरल रखने के बारे में जागरूक किया और बताया कि गंगा नदी नहीं जीवनदायिनी है यदि हम इसकी रक्षा करेंगे तो मानव जाति की रक्षा स्वतः हो जाएगी तथा साथ ही छात्रों एवं ग्रामवासियो को जलीय जीव जन्तु की रक्षा करने के बारे में बताया ।तथा गंगा को निर्मल एवं स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।



# व्यापारियों ने भव्य रूप से रामलला प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने का लिया निर्णय



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।चतुर्भुज व्यापार मंडल नयागंज के तत्वाधान में आगमी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर व्यापारीगण भव्य रोशनी के साथ मिष्ठान का वितरण करेंगे। यह निर्णय एक बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा लिया गया, साथ ही प्रसाद का भी विरतण किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि हम इस महोत्सव को सभी व्यापारी भाई मिलकर मनायेंगे और पूरे बाजार में दिया जलाकर रोशनी करेंगे। महामंत्री अनुराग दुबे ने कहा श्री चतुर्भुजेश्वर मंदिर का भव्य श्रृंगार किया जायेगा। उपाध्यक्ष गोविन्द सिंह ने सीधी व्यापारियों से दीपक जलाने की अपील की तथा मंत्री विपिन वर्मा ने कहां कि हमारे आराध्य देव श्री राम जी के आयोध्या में होने वाले महोत्सव से हम सभी के दिलों में अति उत्साह है। बैठक में कृष्णा पाखीरा, श्याम बाजपेई, शिवम जायसवाल, अशोक कडेड, अतुल सैनी, प्रदीप अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सपा महिला सभा ने एसीएम थर्ड को सौंपा ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।विगत साल एक नंबर को वाराणसी के बीएचयू विश्वविद्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा एक छात्रा के साथ की गई गैंग रेप घटना में पुलिस प्रशासन द्वारा दोषियों की गिरफ्तारी करने में देरी होने पर व छात्रा के समर्थन में छात्रों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन में प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों के ऊपर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में समाजवादी पार्टी महिला सभा कानपुर महानगर की अध्यक्षा सुलेखा यादव ने अपने संगठन की महिला पदाधिकारियों के साथ प्रदेश की महामहिम राज्यपाल के नाम एक संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय कोर्ट कंपाउंड में ए सी एम थर्ड राम शंकर को अपनी मागों का ज्ञापन सौंपा 7 ज्ञापन देने वालों में अनिता वर्मा दीप्ति कनौजिया पूजा यादव बंदना दिवाकर वंदना तेलंग सोनी गुप्ता सीमा परवीन लक्ष्मी पासवान सहित अन्य महिलाए उपस्थित रहे ।

# श्रीराम वाटिका को मिला अयोध्या से निमंत्रण



श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति की तात्याटोपे नगर इकाई द्वारा रविवार को मेहरबान सिंह पुरवा बस्ती अंतर्गत श्रीराम वाटिका सोसायटी में रामदूतों ने अयोध्या से आए हुए पुजित अक्षत, पत्रक और श्रीराम मंदिर की फोटो भेंट कर श्रीअयोध्याधाम का निमंत्रण दिया एवं 22 जनवरी को दिवाली मनाने की अपील किया। तात्याटोपेनगर इकाई द्वारा नगर के लगभग 165 छोटे बड़े मंदिरों में 22 जनवरी को हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, अखंड रामायण, एवं पूजा-आरती करने की वृहद योजना है। जिसे मंदिर के स्थानिय निवासीयों के सहयोग से ही मंदिर के कार्यक्रम की योजना बनाई जाएगी।

नगर कार्यवाह शिवम सचान एवं सह नगर कार्यवाह कुंदन सिंह ने बताया कि नगर अंतर्गत लगभग 20 हजार घरों में पूजित अक्षत पहुंचाने का लक्ष्य है। 15 जनवरी तक हर घर अक्षत अभियान के बाद 22 जनवरी तक घर घर दीपोत्सव अभियान एवं मंदिर मंदिर पूजा-आरती अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के मेहरबान सिंह पुरवा बस्ती समन्वयक सौरभ झा ने बताया श्रीराम वाटिका के लगभग 175 घरों में आज अक्षत पहुंचा दिया गया है। आज के कार्यक्रम में नगर सह संघचालक कृष्ण प्रसाद जी, सहभाग कार्यवाह सुशील जी, योगेंद्र जी, अवनिश मिश्रा, अमित पांडेय, मनिहरण, उपेन्द्र जी, तारकेश्वर फौजी, सौरभ झा, ऋषभ मिश्रा, शुभम चौहान, इंद्रजीत सचान, हर्ष सिंह, कुन्दन सिंह वीरू, अंकित कटियार, सौरभ मिश्रा, राहुल मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सतीश महाना ने श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा दिवस भव्य दीपावली के साथ भंडारे वा विभिन्न कार्यक्रमों की सौपी जिम्मेदारियां

## जगह-जगह स्टाल लगाकर भंडारे का आयोजन किया जाएगा,

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के पार्षदो, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओ की एक बैठक निज निवास पर आयोजित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि 22 जनवरी को पूरे विधान सभा के हर मंदिर को सजाने,पूजा-पाठ व दीप महोत्सव के रूप मे सजाया जाये, हरजिंदर नगर चौराहे पर भजन कीर्तन और अयोध्या से सजीव प्रसारण किया जायेगा। 10 एल ए डी स्कीन लगाई जायेगी। लाल बंगला मे दूध, पूडी सब्जी, खिचड़ी, छोला भठूरा आदि के स्टाल लगाये जायेगे। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओ की डयूटी लगाई जायेगी। बैठक मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता बी डी राय ,पी आर ओ आशीष शर्मा शानू, सुशील गुप्ता विजय तिवारी, विनोद गुप्ता राजीव निगम, कैलाश पांडे ,अतुल शुक्ला,नरोत्तम त्रिवेदी,भारत गुजराल, लालू पाल,विजय, बलवीर सिंह, नंदू शुक्ला, अनिल राय,अशोक मेम्बर, राजेश बिग ,अवतार सिंह छाबड़ा, सुमित बघावन,सोनू बाबा आदि लोग मौजूद रहे।



# जनवरी तक चलेगा पीएमएमवीवाई का विशेष पंजीकरण अभियान

कानपुर । सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) मातृ एवं शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने के साथ-साथ धात्री माताओं और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के साथ अच्छा पोषण प्रदान करने के लिए परिपूर्ण है। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए 卐विशेष पंजीकरण अभियान卐 16 जनवरी तक चलेगा ।इसके अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण पर जोर दिया जायेगा। अभियान दो जनवरी से चल रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक रंजन ने दी ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सचिव पिंकी जोवल ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस पखवाड़े के दौरान जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही पहली व दूसरी बार बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के आवेदन अभियान के तहत लिए जाएँ और सभी कार्रवाई पूर्ण करके उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए। लाभ के लिए पंजीकरण अनिवार्यङ्क योजना के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमित रस्तोगी ने बताया कि गर्भधारण से 570 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। साथ ही पहली बार माँ बनने वाली गर्भवती के लिए मिलने वाली राशि केवल दो किस्तों में देय होगी, जिसमें प्रथम किश्त 3000 रुपये एवं द्वितीय किश्त 2000 रुपए के रूप में लाभार्थी के पंजीकृत बैंक खाते में भेजी जाती है। वहीं अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय संतान बालिका होने पर धनराशि 6000 रुपए एकमुश्त दी जाएगी। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है।

# फ्लैगशिप योजना में निजी काश्तकार से भूमि क्रय किये जाने का हुआ रजिस्ट्री का शुभारम्भ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी विशाख जी. की उपस्थिति में केडीए की फ्लैगशिप परियोजना में न्यू कानपुर सिटी के क्षेत्रान्तर्गत आने वाली निजी काश्तकारों की भूमि क्रय किये जाने हेतु रजिस्ट्री का शुभारम्भ किया।

प्राधिकरण द्वारा न्यू कानपुर सिटी योजना लगभग 27 वर्षो पूर्व प्रारम्भ की गयी थी। किन्तु विभिन्न कारणों के कारण यह योजना ससमय प्रारम्भ नहीं हो सकी। वर्तमान में उपाध्यक्ष के विशेष व सतत् प्रयास से यह फ्लैगशिप योजना धरातल पर लायी जा रही है, जिसके क्रम में शनिवार से निजी काश्तकारों से भूमि क्रय किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है।निजी काश्तकार केतकी कुशवाहा द्वारा सर्वप्रथम अपनी भूमि का प्राधिकरण के पक्ष में रजिस्ट्री की गयी। रजिस्ट्री के तुरन्त बाद उपाध्यक्ष द्वारा प्रथम विक्रेता श्रीमती कुशवाहा को शुभकामना के रूप में मिठाई का डिब्बा भेंट करते हुये भूमि के बदले निर्धारित दर के अनुसार चार गुना प्रतिकर का भुगतानकिया गया। प्राधिकरण द्वारा मैनावती मार्ग एवं कल्यानपुर-बिठूर रोड के मध्य ग्राम सिंहपुर कछार, संभरपुर, गंगपुर चकबदा एवं हिन्दूपुर में स्थित क्षे0 153.21 हे0 में न्यू कानपुर सिटी प्रस्तावित की गयी है। फ्लैगशिप योजना की विशेषताएं आवासीय भूखण्डों की संख्या लगभग 1350 जिनका क्षेत्रफल 90 वर्गमी से 450 वर्गमी के मध्य है। व्यवसायिक भूखण्डों की संख्या लगभग कुल 222 है। इस परियोजना में व्यवसायिक भूखण्ड के अतिरिक्त ग्रुप हाउसिंग, मॉल, संस्थागत भूखण्ड उपलब्ध रहेगें। उपाध्यक्ष के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा न्यू कानपुर सिटी योजना के अन्तर्गत आने वाली निजी काश्तकारों की भूमि क्रय किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। प्रथम दिन 06 निजी काश्तकारों से भूमि बैनामें के आधार पर क्रय की गयी एवं विक्रेता को बैनामें के तुरन्त पश्चात् डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में प्रतिकर का भुगतान किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा समस्त सम्बन्धित को शीघ्रातिशीघ्र एवं समयबद्ध/चरणबद्ध तरीके से उक्त योजना के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित उक्त न्यू कानपुर सिटी योजना के क्रियान्वयन से कानपुर नगर के आम जनमानस के साथ-साथ कानपुर नगर के व्यवसायियों के लिये भी अत्यन्त लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होगी। कानपुर विकास प्राधिकरण की उक्त फ्लैगशिप योजना में सभी वर्गो के लिये आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, चिकित्सीय, पार्क आदि समस्त सुविधायें उपलब्ध रहेगीं ।रजिस्ट्री के समय सचिव शत्रोहन वैश्य, वित्त नियंत्रक सुशील कुमार, विशेष कार्याधिकारी डॉ0 रवि प्रताप सिंह, विधि अधिकारी एस0बी0 राय सहित प्राधिकरण के भूमि अनुभाग की टीम उपस्थित रही।

# डीएम ने माघ मेले पर गंगा में प्रदूषित उत्प्रवाह बंद कराने पर की बैठक

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में माघ मेले के संबंध में पर्यावरण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने एवं गंगा नदी के पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु जनपद में गंगा बेसिन में स्थित विभिन्न जल प्रदूषणकारी उद्योगों/रंगीन उत्प्रवाह जनित करने वाले उद्योगों का रोस्टर अवधि 12 जनवरी से 08 मार्च की अवधि में शून्य उत्प्रवाह निस्तारित किए जाने एवं नियत रोस्टर अवधि में उत्पादन प्रक्रियायें बंद कराने के संबंध में बैठक की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने माह 12 जनवरी से 8 मार्च में माघ मेला की समयावधि में गंगा नदी के पानी की अपेक्षित शुद्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश में निहित व्यवस्था के अंतर्गत रोस्टर अवधि में जनपद की समस्त जल प्रदूषणकारी उद्योगों में उत्पादन नहीं किया जाएगा। पर्यावरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की 04 दिसंबर, 2023 में प्रदत्त निर्देशो अनुसार उत्पादन प्रक्रियाये बंद किये जाने के निर्देशों के संबंध में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शासन के निर्देशों से अवगत कराया गया। रोस्टर अवधि में समस्त जल प्रदूषणकारी उद्योगों में उत्पादन कार्य न हो। यह सुनिश्चित किए जाने हेतु जनपद में आठ टीमों का गठन किया गया है। निरीक्षण के दौरान उक्त समयावधि में जल प्रदूषणकारी उद्योगों में उत्पादन पाए जाने पर शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में नियमानुसार बंदी कार्यवाही जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा की जाएगी ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित मिश्रा समेत विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस:डीएम ने समस्या सुनते ही 15 प्रकरणों में निस्तारण के दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में तहसील घाटमपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए 15 प्रकरणों में आज ही समाधान दिवस के पश्चात घाटमपुर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारियों की टीमों मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सामान्य की शिकायतों/समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए समस्त विभागों के जनपदस्तरीय अधिकारीगण ही उपस्थित रहे ।शिकायतकर्ता द्वारा अवरूद्ध सड़क मार्ग पर अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में पूर्व में की गई शिकायत पर आईजीआरएस पोर्टल पर गलत/भ्रामक आख्या प्रेषित किए जाने के कारण संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रवेष्टि एवं नायब तहसीलदार के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण समाधान करना शासन की प्राथमिकता है। जिसके आधार पर प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 15 प्रकरणों की आज ही संबंधित अधिकारियों को जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु समाधान दिवस के पश्चात मौके पर भेजा गया। घाटमपुर गल्ला मण्डी केस्को के ठेकेदार द्वारा अव्यवस्थित रूप से बिजली के खम्बे लगाने की शिकायत स्थलीय लोगो द्वारा की गई जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियन्ता दक्षिणांचल को निर्देशित करते हुए कहा की आज ही मौके का निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें। बिजली के खम्बे अव्यस्थित रूप से लगे पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार से ही उसके खर्च पर ही बिजली के खम्बे शिफ्ट कराए जाएं। आपूर्ति कार्यालय घाटमपुर में बाहरी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कार्य किए जाने की प्राप्त शिकायत के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस के उपरांत आपूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया तथा पूर्ति निरीक्षण को चेतावनी दी गई यदि कार्यालय में अवैध रूप से बाहरी व्यक्ति कार्य करता पाया जायेगा तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बारिश से ठंड ने बढ़ाई सर्दी, छप्पर गिरने से तीन घायल



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। शहर पड़ रही कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित है। यहां पर देर रात से रुक रुककर हो रही बारिश के बाद चली तेज हवाओ में हाइवे किनारे स्थित दुकान का छप्पर ढह गया। छप्पर के नीचे दबकर तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत रही की छप्पर बीच में रख्खी बल्ली पर जा अटका, जिससे तीनों लोग बाल बाल बच गए।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कृपालपुर गांव निवासी रामौतार ने बताया कि उनकी कानपुर सागर हाइवे पर पानी टंकी के पास चाय की दुकान स्थित है। जिसमे उन्होंने तिरपाल के साथ बड़ा छप्पर डाल रक्खा है। देर रात चाय की दुकान में उनके साथ उनका नाती लालू और ट्रक चालक रामकुमार बैठे थे, वह रामकुमार के लिए चाय बना रहे थे। तभी रुक रुककर हो रही बारिश के साथ तेज हवाएं चलाना शुरू हो गईं। इस दौरान तेज हवा के झोंके में उनकी दुकान में रक्खा छप्पर ढह गया। छप्पर ने नीचे दबकर रामौतार, लालू, रामकुमार मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत यह रही की दुकान के बीचों बीच एक बल्ली गढ़ी हुई थी। छप्पर बल्ली पर अटक गया। जिससे तीनों बाल बाल बच गए। वही रुक रुककर हुई बारिश से मौसम में ठंड बढ़ा दी है, जिसके चलते लोग जगह-जगह पर अलाव तापते हुए दिखाई दिए। धूप न निकलने से गलन जैसी स्थिति बनी हुई है। किसानो के मुताबिक कोहरा पड़ने से गेहूं की फसल को फायदा होगा। प्रशासन के द्वारा चौराहों पर अलाव जलवाया जा रहा है।

# कुलपति ने कड़ाके की सर्दी के चलते जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये कानपुर सहित आसपास के जनपदों में कड़ाके की ठंड की वजह से आम जनजीवन प्रभावित है।

कड़ाके की ठंड से आम लोगों को निजात दिलाने के लिए स्वयंसेवी संस्था प्रशांत फाउंडेशन इटावा के संस्थापक रुद्राक्ष मैन डॉक्टर रिपुदमन सिंह के सौजन्य से कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय कानपुर में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह द्वारा कंबल वितरण का कार्य किया गया ।कुलपति ने कहा कि अपने आसपास जरूरतमंदों का ध्यान रखना चाहिए ।उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण एक पुनीत कार्य है।

कुलपति ने कहा यह विश्वविद्यालय सामाजिक मूल्यों एवं समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर है ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की दैनिक श्रमिकों सहित अन्य जरूरतमंदों को



कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद कंबल पाकर काफी खुश नजर आए। वहीं स्वयंसेवी संस्था प्रशांत फाउंडेशन को कुलपति ने आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह, टीचिंग एसोसिएट डॉक्टर हेमंत कुमार, कुलपति के तकनीकी सचिव ओम प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दिनेश कुमार बने सीएसए नए वित्त नियंत्रक

कानपुर। सीएसए के वित्त नियंत्रक पद पर आज दिनेश कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है ।उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारी दिनेश कुमार मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी निर्यात निगम लखनऊ को तत्काल प्रभाव से वित्त अधिकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर का अतिरिक्त प्रभार बिना किसी अतिरिक्त वेतन ,भत्ते के दिए जाने के उत्तर प्रदेश की श्री राज्यपाल ने आदेश प्रदान किए हैं।

# पुलिस आयुक्त ने प्रोन्नत होने पर दी शुभकामनाएं



कानपुर ।आईपीएस शिवा सिंह के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के पद से अपर पुलिस उपायुक्त(एडीसीपी) के पद पर प्रोन्नत होने पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था आनन्द प्रकाश तिवारी द्वारा कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी की गयी। पुलिस आयुक्त ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उनके पति आइएएस हिमांशु गुप्ता भी मौजूद रहे।

# सेंट्रल स्टेशन पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान




कानपुर ।सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ कानपुर व उप पुलिस उपाधीक्षक, रेलवे कानपुर द्वारा सभी को ड्यूटी संबंधी उचित निर्देश दिए बाद निरीक्षक रेल सुरक्षा बल कानपुर सेंट्रल व निरीक्षक जीआरपी कानपुर सेंट्रल द्वारा मय डॉग स्क्वायड अपराध शाखा आरपीएफ कानपुर मय स्टाफ के रेलवे स्टेशन कानपुर सेंट्रल पर 22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर अयोध्या उद्घाटन के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए संयुक्त रूप से कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म, गाड़ी के अंदर गहनता से सघन चेकिंग की गई, इस दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# पुलिस सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न





कानपुर नगर, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में एच0बी0टी0यू0 परिसर के शताब्दी भवन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान क्रिटिकल वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए समस्त सेक्टर अधिकारी अपने-अपने भ्रमण के दौरान अपने आवंटित सेक्टर के अंतर्गत प्रत्येक बूथ का भ्रमण कर वल्नरेबिलिटी के संबध में आकलन किया जाना सुनिश्चित करें ।समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पूर्व चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित जानकारी एवं वोटरों को निष्पक्ष चुनाव में प्रतिभाग करने से प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के संबंध में थानों से आपराधिक प्रवत्ति के लोगों का चिन्हाकन समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारियों द्वारा किया जाए एवं निर्धारित प्रारूप बीएम-1 की रिपोर्ट अपने अपने संबंधित थानों से एकत्र कर अपने संबंधित प्रभारी पुलिस अधिकारी को 2 दिनों में के अंदर उपलब्ध कराए। समस्त सेक्टर अधिकारी भ्रमण के दौरान मतदान केंद्रों पर ए0एम0एफ0 मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता जैसे- सेन्टर तक पहुंच मार्ग, बूथों पर दिव्यांग मतदाताओ के लिए रैम्प, शौचालय, पेयजल, बिजली आदि अन्य व्यवस्थाओं का सर्वे करते हुए अपने भ्रमण की रिपोर्ट अपने संबंधित ए0आर0ओ0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(वि0रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 राजेश कुमार उपस्थित रहे।


# हाईस्कूल छात्रा ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा कस्बे में माँ व भाई के खेतों में जाने के बाद दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर खुद को मौत की नींद सुला लिया ।खेतो से वापस घर लौटने पर बेटी को इस हाल में देख परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उताकर पड़ोसियों की सहायता से पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।जानकारी के अनुसार पतारा कस्बा अंतर्गत हाईस्कूल की छात्रा प्रिया पुत्री स्व. लाखन बुधवार सुबह घर पर अकेली थी वहीं उसकी मां ननखी व भाई शुभम खेतो में गए थे खेतो से जब दोनों माँ ङ्क बेटे वापस लौटे तो देखा कि प्रिया रस्सी के सहारे कमरे की छत पर लगे कुंडे के सहारे फंदे में लटकी हुई है ये देख आनन- फानन शोर मचाते हुए शुभम ने पड़ोसियो को बुलाया और प्रिया को कुंडे से नीचे उताकर पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । उधर सूचना पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद पंचायतनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मामले को लेकर पतारा चौकी इंचार्ज ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ठ नही सका है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी ।



# श्री राम जन्मभूमि मंदिर




मंदिर की शैली: नागर

मंदिर की ऊंचाई: तीन मंजिला

प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई: 20 फीट

कुल खंभे: 392

कुल दरवाजे: 44

मंदिर का एरिया: 10 एकड़

मंदिर परिसर का एरिया: 57 एकड़


## अन्य विशेषताएं

- मुख्य गर्भगृह में भगवान श्री राम का बचपन का स्वरूप (श्री राम लला की मूर्ति) है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा।
- मंदिर के चारों ओर 732 मीटर लंबी और 14 फीट चौड़ी परकोटा (आयताकार मिश्रित दीवार) है।
- देवी-देवताओं की मूर्तियाँ खंभों और दीवारों पर सुशोभित हैं।
- परिसर के चारों कोनों पर, चार मंदिर हैं – सूर्य देव, देवी भगवती, गणेश भगवान और भगवान शिव को समर्पित। उत्तरी भुजा में माँ अन्नपूर्णा का मंदिर है और दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर है।
- मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआँ (सीता कूप) है।



- श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या की पूज्य पत्नी को समर्पित मंदिर प्रस्तावित हैं।
- 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।
- जमीन की नमी से सुरक्षा के लिए 21 फुट ऊंचे चबूतरे का निर्माण किया गया है।
- मंदिर की नींव का निर्माण रोलर-कॉम्पैक्ट कंक्रीट की 14 मीटर मोटी परत से किया गया है।
- मंदिर का निर्माण पूरी तरह से भारत की पारंपरिक और स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके किया जा रहा है। 70 एकड़ क्षेत्र के 70% हिस्से को हरा-भरा रखा गया है।

# यूपी पुलिस भर्ती : 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों में 31 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



- आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के लिए योगी सरकार कर रही पुख्ता तैयारी
- लखनऊ जोन में सर्वाधिक 836 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित, 488 केंद्र प्रयागराज कमिश्नरी में बनाए जाने की तैयारी
- कोचिंग संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में नहीं किया जाएगा शामिल
- 60 हजार से अधिक पदों के लिए 18 फरवरी को प्रस्तावित है परीक्षा

**बीपीएस न्यूज**

लखनऊ। आगामी फरवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए योगी सरकार पुख़्ता तैयारियों में जुट गई है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है।

इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31.75 लाख से अधिक है। जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक),मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। वहीं कमिश्नरेट में सर्वाधिक 488 परीक्षा केंद्र प्रयागराज में प्रस्तावित हैं जिनकी कुल क्षमता 2.25 लाख से अधिक है। इसी तरह कानपुर नगर में 271 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक), आगरा में 261 (कुल क्षमता 1.23 लाख से अधिक), वाराणसी में 237 (कुल क्षमता 1.29 लाख से अधिक), लखनऊ में 148 (कुल क्षमता 1.05 लाख से अधिक), गाजियाबाद में 127 (कुल क्षमता 58 हजार से अधिक) और गौतमबुद्धनगर में 108 (कुल क्षमता 53 हजार से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं।

## आधारभूत मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही मिलेगी मान्यता

सभी परीक्षा केंद्रों को आधारभूत मानकों पर खरा उतरने के बाद ही हरी झंडी दी जाएगी। इसमें परीक्षा केंद्र का प्रकार यानी केंद्र शासकीय है या शासकीय सहायता प्राप्त है या फिर निजी के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। वहीं केंद्र का पिछला प्रदर्शन भी देखा जाएगा, जिसमें पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आया होगा या फिर विद्यालय संदेहास्पद होगा तो ऐसे संस्थानों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन केंद्रों में विगत 3 वर्षों में विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित परीक्षाओं का विवरण भी देखा जाएगा। कोचिंग संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों का वर्गीकरण भी किया गया है। इसमें श्रेणी ए में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर, नजदीक स्थित सभी शासकीय विद्यालयों को रखा गया है। वहीं, श्रेणी बी में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर या नजदीक स्थित सभी शासकीय वित्तपोषित विद्यालयों को रखा गया है। श्रेणी सी में निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले एवं शहर के अंदर या नजदीक स्थित प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त निजी एवं मिशनरीज विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी विद्यालय एवं विश्वविद्यालय शामिल हैं। श्रेणी डी में संदिग्ध विद्यालय, संस्थान जो किसी भी आयोग, बोर्ड द्वारा प्रतिचारित हुए हों को रखा गया है, जिन्हें परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। बोर्ड द्वारा परीक्षा भवन संबंधी मानक भी तय किए गए हैं। इनमें परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता एवं कक्षों की संख्या के साथ परीक्षा केंद्रों में बाउंड्रीवाल एवं गेट अनिवार्य है। परीक्षा हॉल, मेन गेट समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से युक्त एक अलग कक्ष अनिवार्य है।



### योगी सरकार का बड़ा फैसला

## उत्तर प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों में अब सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य



29 दिसंबर को राज्य सरकार द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य कर दिए गए हैं। परिवहन प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वरलू द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रावधान राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के तीन महीने बाद लागू होगा। हालाँकि कुछ वैन में उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमों के अनुसार पहले से ही निगरानी कैमरे लगाए गए थे, नई अधिसूचना में स्कूल वैन के लिए कैमरे लगाने की समय सीमा तय की गई है। प्रस्तावित केंद्रीकृत वाहन स्थान ट्रैकिंग केंद्र कार्य करने के लिए तैयार होने के बाद सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों में ऐसे कैमरे लगाए जाएंगे। परिवहन विभाग ने राज्य में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) के कार्यान्वयन के लिए पहले ही एक निजी एजेंसी नियुक्त कर दी है। एजेंसी को ढांचे के तहत वाहनों की ट्रैकिंग और निगरानी के लिए वाहन ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म को तैनात करने, एकीकृत करने, परीक्षण करने और संचालित करने का अधिकार है।

यह परियोजना दोपहिया, तिपहिया और ई-रिक्शा को छोड़कर सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को वाहन स्थान ट्रैकिंग उपकरणों से जोड़ने का प्रयास करती है और ऐसे सभी वाहनों के स्थान की वास्तविक समय में एक एकीकृत नियंत्रण और कमांड द्वारा निगरानी की जाएगी।

## जबरदस्त ठंड की चपेट में पूरा उत्तर भारत, आने वाले दिनों के लिए मौसम विभाग ने दी चेतावनी

पूरा उत्तर भारत इन समय शीतलहर की चपेट में है। पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी है। लगातार गिरते तापमान की कारण समूचे उत्तर भारत में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। गंभीर रुप से पड़ रही सर्दी के बीच मौसम विभाग में आने वाले कुछ दिनों तक ऐसी ही स्थिति बने रहने की संभावना जताई। गिरते तापमान के साथ घना कोहरा भी लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

मौसम विभाग की माने तो पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान भीषण ठंड की चपेट में हैं। मौसम विभाग में इस राज्यों में आने वाले दो दिनों के लिए कोल्ड डे की स्थिति की घोषणा की है। आने वाले तीन दिनों तक उत्तर भारत के राज्यों में घना कोहरा भी रहने वाला है।इसी बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी तापमान में गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार पांच जनवरी को न्यूनतम तापमान सात डिग्री रहेगा। इसके साथ ही कोल्ड डे की स्थिति होने की चेतावनी भी पांच जनवरी और छह जनवरी के लिए मौसम विभाग ने जारी की है।उत्तर प्रदेश में भीषण ठंड के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर है। राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पहुंच गया है। यहां घना कोहरा छाए रहने की भी संभावना है। गाजियाबाद में भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री है और कोहरे की मोटी चादर आसमान में छाई हुई है।



# खून का सौदा नहीं कर सकते, ड्रग कंट्रोलर की सभी राज्यों को चिट्ठी लिखकर गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश




**ज़्लड बैंक को लेकर सरकार को पिछले कई वक्त से ओवर चार्जिंग की शिकायतें मिल रही है. भारत में अगर किसी मरीज को ज़्लड ट्रांसज़्यूजन की जरूरत होती है, तो उसे बदले में किसी दाता यानी स्रश्ठ्ठश्रह्र का इंतजाम करना होता है. जो कि ज़्लड के बदले में उतने ही पैकेट ज़्लड दे सके।**

ब्लड बैंक को लेकर सरकार को पिछले कई वक्त से ओवर चार्जिंग की शिकायतें मिल रही है. भारत में अगर किसी मरीज को ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत होती है, तो उसे बदले में किसी दाता यानी स्रश्ठ्ठश्रह्र का इंतजाम करना होता है. जो कि ब्लड के बदले में उतने ही पैकेट ब्लड दे सके. कई बार अस्पताल और ब्लड बैंक इस जरूरत का गलत फायदा उठाते हैं और मनमाने दामों में ब्लड सप्लाई करते हैं. ऐसे में इस पर लगाम लगाने के लिए एक बार फिर से गाइडलाइंस रिवाइज की गई है. जिसमें सख्त निर्देश दिए गए है.

इस पर लगाम लगाने के लिए भारत के ड्रग कंट्रोलर ने सभी राज्यों को चिट्ठी लिखकर यह साफ किया है, कि ब्लड सेल के लिए नहीं होता. इसके लिए केवल प्रोसेसिंग चार्ज लिया जा सकता है. प्रोसेसिंग चार्ज से मतलब है, कि ब्लड को निकालना उसके रखरखाव स्टोरेज और मैनेजमेंट पर होने वाला खर्च, अलग-अलग ब्लड कंपोनेंट के लिए यह चार्ज अलग-अलग होता है.सरकारी अस्पतालों में 100 से ?1100 के बीच है. तो वहीं, प्राइवेट अस्पतालों में 500 से 15सौ रुपए के बीच में आमतौर पर यह चार्ज लिया जाता है, लेकिन कई बार मजबूरी का फायदा उठाते हुए या फिर रेयर ब्लड ग्रुप के मामले में ज्यादा चार्ज भी वसूले जाते हैं. इस पर लगाम लगाने के लिए ही एक बार फिर से गाइडलाइंस रिवाइज की गई है. जिसमें यह साफ किया गया है कि खून की बिक्री नहीं की जा सकती केवल प्रोसेसिंग चार्ज लिया जा सकता है.यह फैसला ब्लड के बदले में मनमाने दाम वसूले जाने की शिकायतों के बाद लिया गया है. इस बारे में सीडीएससीओ की तरफ से सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है.

# शाहरुख खान ने 2023 में 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के साथ बॉलीवुड की कुल 4400 करोड़ की कमाई में 2600 करोड़ का दिया योगदान!



जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स के बैनर तले राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित फिल्म 'डंकी' रिलीज होने के बाद भारत में 200 करोड़ और दुनिया भर में 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों के लिए एक बेहद आकर्षक और रिलेटेबल कहानी लेकर आई जिसने वास्तव में दर्शकों के दिलों को छू लिया है। शाहरुख खान की एक नॉन-एक्शन फिल्म होने के नाते 'डंकी' ने हाल के दिनों में सबसे ज्यादा कलेक्शन और लोकप्रियता देखी है। 'डंकी' चार दोस्तों की एक दिल छू लेने वाली कहानी लाई, जिनके सपने विदेश जाने के थे लेकिन इसके लिए जब वे 'डंकी' रूट चुनते हैं, तो उन्हें कई बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म देश के प्रति प्रेम की भावना को उजागर करती है और न केवल 'डंकी' फ्लाइट पर रोशनी डालती है, बल्कि सीमा पार करने और बेहतर अवसरों के लिए पलायन करने के इच्छुक लोगों पर भी प्रकाश डालती है। यह ध्यान देने वाली बात है कि इस फिल्म को जिस तरह का प्यार मिला है वह वाकई शानदार है और इसने फिल्म को 2023 की सबसे पसंदीदा फिल्म बना दिया है। 'डंकी' की शानदार सफलता के साथ, शाहरुख खान ने 2023 में हैट्रिक बनाई है। 'पठान', 'जवान' और अब डंकी के साथ, शाहरुख खान ने पूरे साल बॉक्स ऑफिस पर राज किया है। 'पठान' ने 1,050.30 करोड़ की कमाई की, जबकि 'जवान' ने दुनिया भर में 1,148.32 करोड़ का लाइफटाइम कलेक्शन किया और अब 'डंकी' ने एक ही साल में ब्लॉकबस्टर देने के किंग खान के सिलसिले को बरकरार रखते हुए 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। डंकी में शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें शाहरुख खान के साथ-साथ बेहद टैलेंटेड अभिनेता बोमन ईरानी, ??तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा पर कानपुर-बुंदेलखंड में होंगे सवा लाख भंडारे

## मंदिरों, चौराहों, बस अड्डों पर आयोजन

बीपीएस न्यूज

**कानपुर।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में सवा लाख भंडारों का आयोजन होगा। अकेले कानपुर में करीब 10 हजार भंडारे सुबह से देर शाम तक चलेंगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े संगठनों की ओर से व्यवस्था की जाएगी। एक दिन पहले संघ और भाजपा पदाधिकारियों की इस संबंध में अलग-अलग बैठक हुई, जिसमें कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के भाजपा और संघ से जुड़े 17 जिलों के सभी मंदिरों, चौराहों, बस अड्डों में भंडारे होंगे। भाजपा और संघ का कहना है कि 22 को दिवाली जैसा उत्सव होगा। ऐसे में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि कोई भूखा न रहे और किसी भी कोने में अंधियारा न रहे। इसके लिए बिजली की रोशनी के साथ ही दीपक भी जलाए जाएंगे। इस संबंध में भाजपा और संघ की ओर से मंडल व विभाग स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीमें बनाई जा रही हैं। भाजपा की ओर से क्षेत्रीय, जिला पदाधिकारियों के साथ सभी सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को इसमें प्रमुख जिम्मेदारी निभाने का निर्देश मिला है।

### अयोध्या के मुहूर्त में कानपुर में भी करेंगे मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

जिस मुहूर्त में अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, उसी मुहूर्त में शहर के भी एक हजार से अधिक श्रद्धालु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इसके लिए करीब पांच करोड़ की मूतियों का आर्डर जयपुर में मूर्ति बनाने वालों को दिया गया है। ये आर्डर नवीन मार्केट, शिवाला, गोविंदनगर की बाजारों में मूर्तियों की बिक्री करने वालों के माध्यम से दिए गए हैं। मूर्ति विक्रेताओं के अनुसार ऐसे बहुत से लोग जो फरवरी, अप्रैल या नवंबर में मूर्ति स्थापना करने वाले थे, वे 22 जनवरी को सबसे शुभ दिन मान रहे हैं। भगवान के श्रृंगार के वस्त्र और दरबार व पूजन सामग्रियों के भी आर्डर दिए गए हैं।

### सर्दी में बढ़ गई भगवान की गर्म पोशाकों की मांग

सर्दी बढ़ते ही लोग भगवान श्रीराम के लिए भी गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में भगवान के लिए गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। दुकानों में डोंगरी, पोचू, शॉल, आसन, जैकेट के डिजाइनर कपड़े मौजूद हैं। कंबल, तकिया, नया पलंग और रजाइयां भी उपलब्ध हैं।लोगों में राममंदिर को लेकर बहुत ही उत्साह और खुशी है। सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में ऑर्डर आ रहे हैं। कोई मंदिर दरबार का ऑर्डर दे रहा है तो कोई मूर्तियों का। जिनके ऑर्डर मई तक के थे, वे सभी 22 जनवरी की मांग कर रहे हैं। सनातन धर्म के लिए 22 जनवरी का दिन बहुत बड़ा दिन है। सालों बाद हमारे रामलला घर आ रहे हैं। इस बार उनके स्वागत की जिम्मेदारी हमारी है। बड़े ही भाग्यशाली हैं हम जो अपने भगवान का स्वागत कर पाने का मौका हमें मिला है।

### रामोत्सव 2024

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के भाजपा और संघ से जुड़े 17 जिलों के सभी मंदिरों, चौराहों, बस अड्डों में भंडारे होंगे। भाजपा और संघ का कहना है कि 22 को दिवाली जैसा उत्सव होगा। ऐसे में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि कोई भूखा न रहे और किसी भी कोने में अंधियारा न रहे।



# असदुद्दीन ओवैसी ने दिया भड़काऊ बयान, बोले- नौजवानों, हमारी मस्जिद हमने खो दी



22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां जारी है। हालांकि, इसको लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। इन सब के बीच एआईएमआईएम के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भड़काऊ बयान दिया है। उन्होंने अपने एक संबोधन में कहा कि नौजवानों, मस्जिदों को आबाद रखो। उन्होंने कहा कि नौजवानों मैं तुमसे कह रहा हूं हमारी मस्जिद हमने को दी और वहां क्या किया जा रहा है, आप देख रहे हैं। नौजवानों, क्या हमारे तुम्हारे दिलों में तकलीफ नहीं होती।'

अपने भाषण को एक्स पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि नौजवानो!! अपनी मिल्ली हमियत और ताक़त को बरक़रार और मस्जिदों को आबाद रखो। कहीं ऐसा ना हो के हमारी मस्जिदें छीन ली जाये। उन्होंने अपने भाषण में लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज का नौजवान सोचेगा कि उसे किस तरह खुद को, अपने परिवार को और अपने मोहल्ले को बचाना है। एकजुटता एक ताकत है इसलिए हमें एकजुट रहना है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के नागरिक निकाय द्वारा सुनहरी बाग की सुनहरी मस्जिद को विरासत भवनों की सूची से हटाने के प्रस्ताव का विरोध किया था। अपने पत्र में, एआईएमआईएम नेता ने कहा, मस्जिद को नए शहर की योजना बनाते समय जानबूझकर शामिल किया गया था। इसके अलावा, इसका ऐतिहासिक और स्थापत्य महत्व अद्वितीय है। इसका प्रस्तावित निष्कासन भारत की विरासत के लिए एक अपूरणीय क्षति होगी।

# राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय का घेराव 10 जनवरी को

कानपुर नगर, राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा थाना-सजेती, महाराजपुर व बिठूर की पुलिस द्वारा दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में कार्यवाही न करने के विरोध में व दिव्यांगजनों पर शांति भंग का मुकदमा दर्ज करने के विरोध में पुलिस आयुक्त कार्यालय का 10 जनवरी को घेराव कर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जायेगा।

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में थाने स्तर पर दिव्यांगजनों को न्याय नहीं मिल रहा है। थाना-सजेती के दिव्यांग धर्मेन्द्र कुमार का मकान विरोधियों ने जबरिया कब्जा करने की नियत से गिरा दिया है। पुलिस थाना-सजेती ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने के बजाय समझौते का दबाव बनाया गया है। इस मामले को लेकर 05 दिसम्बर को राष्ट्रीय विकलांग पार्टी पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था इसके बावजूद किसी भी मामले में थाना पुलिस ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की बल्कि पुलिस ने दिव्यांगजनों पर ही शांति भंग का मुकदमा दर्ज कर दिया है। इसी प्रकार थाना-महाराजपुर के दिव्यांग सौरभ कुमार व अजीत सिंह के मामलों में पुलिस ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों को संरक्षण देने के लिए भारत सरकार ने दिव्यांगजन अधिनियम 2016 बनाया है लेकिन उसका अनुपालन किसी भी पुलिस थाने में नहीं होता है। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, कमलेश कुमार सिंह, अब्दुल रऊफ, उमाशंकर, मनोज त्यागी आदि शामिल थे।

# एआरटीओ बनकर ट्रकों से वसूली करता था ड्राइवर, पुलिस ने पकड़ा




सोनभद्र के राबर्ट्सगंज कोतवाली इलाके में फर्जी एआरटीओ बनकर ट्रकों से अवैध वसूली करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया. दरअसल, तहसीलदार राबर्ट्सगंज की गाड़ी लेकर उनका ड्राइवर गिट्टी-बालू से लदी ट्रकों से फर्जी आरटीओ बन बैठा. इसके बाद वह एंट्री कराने के नाम पर फर्जी रूप से वसूली कर रहा था. जबकि आस-पास खड़े लोगों ने इसका वीडियो बना लिया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई. आरोपी ड्राइवर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया. फर्जी एआरटीओ और उसके भाई की गिरफ्तारी राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के इमारती कॉलोनी के पास से हुई.सोनभद्र के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के इमारती कॉलोनी के पास से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी फर्जी रूप से एआरटीओ बनकर सरकारी गाड़ी से गिट्टी-बालू लोड ट्रकों से अवैध रूप से वसूली करने की शिकायत मिली थी. इस शिकायत के बाद राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस के द्वारा दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया है.

यह सरकारी गाड़ी तहसीलदार राबर्ट्सगंज की बताई जा रही है. जबकि गिरफ्तार किया गया आरोपी तहसीलदार का ड्राइवर और उसका भाई मनीष सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया. वहीं पुलिस का कहना है कि फर्जी रूप से एआरटीओ बनकर वसूली करने के मामले में मामला रजिस्टर कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. दोनों युवक महूदी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि वर्तमान समय में राबर्ट्सगंज वार्ड नंबर 24 में रहते हैं.

# बुखार, हार्ट अटैक, टीवी के मरीजों की संख्या बढ़ रही, अस्पतालों में दवा की व्यवस्था नहीं

## शहर में कूड़े का अंबार, नालियां बजबजा रही है : हाजी फजल महमूद





कानपुर। शनिवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधायकों प्रदेश पदाधिकारी फ्रंटल सेक्टर विधानसभा व वार्ड अध्यक्षों की मासिक बैठक सपा कार्यालय सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया!बैठक को संबोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने प्रदेश से आए परि पत्रों को सुनते हुए कहा कि सपा के सभा पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी विधानसभा पदाधिकारी सहित वार्ड अध्यक्षों फ्रंटल संगठनों की पूरी 43 लोकसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारी बनेंगे !सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे बताया कि गोविंदा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी सपा प्रदेश सचिव नीलम रोमिला सिंह होगी उनके साथ महिला संगठन के अलावा पार्षद पूर्व पार्षद पुराने कार्यकर्ता सभी बूथों पर सघन अभियान चलाएंगे !बैठक मे आए पांचो विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने संबोधन ने कहा कि महानगर में टीवी हार्ट अटैक बुखार से जनमानस परेशान है !अस्पतालों में दवा नहीं मिल रही है इसके अलावा गलियों में कूड़ा बज बजा रहा है गंदगी फैली है नगर निगम शहर में व्याप्त गंदगी और लगे कूड़े के ढेरो के प्रति उदासीन है नगर निगम सफाई पर ध्यान नहीं दे रहा है !समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव नीलम रोमिला सिंह को गोविंद नगर विधानसभा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दीपा यादव को आर्य नगर विधानसभा का एवं नगर उपाध्यक्ष फकरे आलम अंसारी को सीसामऊ विधानसभा का बूथ प्रभारी घोषित किया गया !बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव श्री के के शुक्ला जी महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर फकरे आलम अंसारी अपर्णा जैन सत्यनारायण अहिरवार नीलम रोमिला सिंह विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद सरिया वरुण जायसवाल आसिफ कादरी प्रदीप तिवारी दीपा यादव फ्रंटल अध्यक्षों में सुलेखा यादव नंदलाल जायसवाल एकलाख मिर्जा के के मिश्रा आजाद खान मुमताज मंसूरी रमेश यादव राहुल वर्मा सोनी गुप्ता दीप्ति कनौजिया सचिन गुप्ता संजय सोनकर मनीष राजपूत विनोद तिवारी राजू पहलवान शरद पांडे राजेंद्र सोनकर, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!

# संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय में मनाया गया नव वर्ष

## ग्राम विकास विभाग के समस्त अधिकारियों ने दी नव वर्ष की शुभकामनायें



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय, रावतपुर में नव वर्ष के प्रथम दिन ग्राम विकास के सभी अधिकारियों ने एकत्र होकर एक दूसरे को शुभकामनाये दी साथ ही अन्य ब्लाको के आये अधिकारियों के साथ मिलकर चर्चा करते हुए चोखा-बाटी का आंनद लिया।

संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय रावतपुर में ग्राम विकास विभाग के जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा0 विजय सिंह के संरक्षण में तथा वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित के संचालन में नव वर्ष के आगमन के अवसर पर प्रथम दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेडीसी एन0डी0 सविता, डीडीओ गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित, प्रधान सहायक राजेश त्रिवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाये दी और कुछ क्षण बैठकर आपस में चर्चा की। इस अवसर पर चोखा-बाटी का भी आन्नद लिया गया। कार्यक्रम में ऑडीटर अरूण कुमार, राजेन्द्र सक्सेना गीता बाजपेई, रीता शर्मा, कृतिका गुप्ता, शांती देवी आदि उपस्थित रहीं।

# हिट एंड रन मामले में प्रस्तावित संसोधन वापस ले पुराना कानून बहाल रखे सरकार: पं रवीन्द्र शर्मा

## भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर लाई जा रही भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन मामले में प्रस्तावित संशोधन करें निरस्त



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पं रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष द लायर्स एसोसिएशन कानपुर के नेतृत्व में अधिवक्तागण ने अमित शाह गृहमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी को देते हुए बताया कि हिट एंडरन मामले में प्रस्तावित संशोधन जिसमे दुर्घटना के गंभीर मामले में पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी को सूचना न देने पर 10 वर्ष की सजा और रु 7 लाख जुर्माना निर्धारित किया जा रहा है जो हम अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस और ड्राइवरी कर अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करने वालों के लिए एक तरह से मौत का फरमान है से यह है कि स्कूटर मोटर साइकिल कार बस ट्रक चलाने वाला किसी को भी जानबूझकर किसी भी तरह की क्षति नहीं पहुंचाता है प्रस्तावित कानून से हम अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस विशेषता ड्राइवरो में अपने जीवन को लेकर ऐसा भय व्याप्त हुआ कि ड्राइवर अपनी जान तक दे रहे हैं। हमारी गृहमंत्री जी से मांग है कि हिट एंड रन मामले में दण्ड पर प्रस्तावित संशोधन को तत्काल वापस ले और पुराने कानून को यथावत रखने की घोषणा कर व्याप्त भय को समाप्त करें।

प्रतिवेदन प्राप्त कर संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि हम आपका प्रतिवेदन आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्काल गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेज देंगे।

अंत में शर्मा ने विश्वास जताया कि हमारे प्रतिवेदन पर गृहमंत्री जनहित में प्रस्तावित संशोधन वापस ले हम सबको अनुग्रहित करेंगे।

प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता भानु प्रताप द्विवेदी नरेश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष बार पवन अवस्थी अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार संजीव कपूर शिशिर पांडे सर्वेश त्रिपाठी इनामुल हक सिद्दीकी विजय सागर अभिषेक तिवारी अतुल सिंह आयुष शुक्ला राजकुमार त्रिपाठी अनिल चौधरी आलोक मिश्रा जय राजावत संदीप वर्मा मो उजान शाहनवाज शिवम गंगवार के के यादव आदि रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ने डीआईओएस के खिलाफ खोला मोर्चा

## जिला विद्यालय निरीक्षक तथा लेखाधिकारी पर कार्रवाई की निंदा,निलंबित करने की मांग



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरिचंद दीक्षित ने कानपुर के डीआईओएस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया ह।

ै एक पत्रकार वार्ता के दौरान हरिचंद दीक्षित ने बताया कि शिक्षा विभाग में अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं इस प्रकरण में जिलाधिकारी से मुलाकात करके अवगत भी कर चुके हैं लेकिन अचानक शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया आगे कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने न्याय पालिका की प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए तदर्थशिक्षकों की सेवा सुरक्षा करने वाला 4 जनवरी 2023 को आदेश पारित किया। तदर्थ शिक्षक न्यायमूर्ति के ऋणी रहेंगे। उक्त उदगार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र दीक्षित ने न्यायालय के आदेश को पढ़ने के बाद एक विज्ञप्ति में दी है विज्ञप्ति में बताया गया कि कानपुर नगर के 36 अध्यापक तथा कानपुर मंडल के लगभग 50 शिक्षक/शिक्षिकाएं को सेवा से अलग कर दिया गया था तथा कतिपय प्रबंधको/प्रधानाचार्य ने सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए अध्यापक/अध्यापिका केसाथ घोर अन्याय/अत्याचार करते हुएउनको नौकरी से हटाने का उपक्रम किया गयाथाइस प्रकरण में शिक्षा विभाग काछोटे से लेकर बड़ा अधिकारीअध्यापक/अध्यापिकाओंके उत्पीड़न में संलग्न था संगठन ने लिखित रूप सेभी अनुरोध किया गया थाकी कानपुर मंडल का कोई भी प्रकरण संजय सिंह के प्रकरण से अच्छा अच्छा आच्छादित नहीं हैजिसे न्यायालय ने उचित ठहराया और मुखरित आदेशपारित करते हुए शिक्षा विभाग के तुगलक्की आदेश को किनारे कर दिया संगठन ने कानपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक तथा लेखाधिकारी की कार्रवाई की निंदा की हैतथा उन्हें तत्काल निलंबित करने की भी मांग की है !उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष नेमाननीय मुख्यमंत्री को प्रेषितप्रतिवेदन भेज करउत्पीड़न करने वाले आदेश दिनांक 9.11.2023 को निरस्त करने तथा अनुचितआदेश करने वाले अधिकारीयोको उन्हें उनके पद से हटानेकी मांग की है !पत्रकारों को आदेश की प्रतिलिपि दिखाते हुए माननीय योगी जी की लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने वाले अधिकारियों को दंडित करने की भी मांग की गई है ! पत्रकार वार्ता में के पी सिंह सेंगर,राजीव शुक्लाअफजाल अहमद , इक्तीदार अहमद तथा तदर्थ शिक्षक शामिल थे।

# पुलिस कमिश्नर डा0 आरके स्वर्णकार का हुआ स्थानान्तरण, बनाए गऐ सीतापुर एडीजी एपीटीसी



कानपुर।विवादों में रहने वाले कानपुर के पुलिस कर्मिशन डा0 आरके स्वर्णकार का सोमवार की देर रात स्थानान्तरण कर दिया गया। ज्वानिंग के साथ ही स्वर्णकार विवारों से घिरे रहे है साथ ही कई बार पत्रकारों से भी उलझने अपने अधिनस्थो के सा तालमेल न होने और इसी प्रकार के कई मामलों में उनका नाम सामने आ चुका था। पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष के पीआरओं के कार्यालय में उन्होने बहसबाजी भी की थी। वहीं एक चोरी के प्रकरण में पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार को हाईकोर्ट ने तलब कर लिया था।कानपुर में आईपीएस आर के स्वर्णकार ने 21 अगस्त को पुलिस कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया था और सर्वप्रथम रातोरात पुलिस कमिश्नर ऑफिस में बने पत्रकार रूम को आगंतुक कक्ष बना दिया था, जिसका पत्रकारों ने विरोध करते हुए पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घराव किया गया तब उसे पुनः पुरानी स्थिति में बाहाल किया गया। इसी प्रकार वकीलों द्वारा भी कार्यालय का इसलिए घेराव किया गया था कि उनका मिडिएशन सेंटर में प्रवेश वर्जित कर दिया गया था।घरोव व हंगामें के बाद पुलिस कमिश्नर से वकीलों के प्रवेश पर लगी रोक को हटा लिया था। एक और मामला जो भीतरगांव के साढ थाना क्षेत्र के पहेवा गांव में हुआ था, जिमसें बौद्ध कथा करा रही दलित समुदायपर हमला किया गया था और पुलिस की लापरवाही सामने आई थी तो वहीं कमिश्नर द्वारा भी इस ओर ध्यान नही दिया गया था। इसी प्रकार भाजपाईयो को भी कमिश्नर कार्यालय में इस लिए हंगमा करना पडा था, क्यों कि सिख दवा कारोबारी मामले में भाजपा नेताओ तथा पुलिस कमिश्नर के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। इसी प्रकार एक चोरी के प्रकरण में उन्हे कोर्ट में तलब किया था और बाद में स्वर्णकार के आदेश पर उनके वाचक ने कोतवाली थाने में दरोगा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।आरे के स्वर्णकार हमेशा विवादों के बीच फंसे रहे और कई बार उनके फैसलों ने सरकार की छवि को धूमिल किया। अब पुलिस कमिश्नर आर के स्वण ।कार को एडीजी एपीटीसी सीतापुर बनाया गया है।

# खाली पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल हुआ पार

## रावतपुर थाना क्षेत्र के रामलला मंदिर के पास की घटना खाली घर का टूटा ताला, भवन स्वामी थे शहर के बाहर, लागातार चोरो का आतंक जारी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर में चोरों का आतंक लगातार जारी है और प्रतिदिन कोई न कोई घर व दुकान चोरो का निशाना बनती जा रही है। इसी क्रम में थाना रावतपुर क्षेत्र के एक खाली पडे मकान को चोरों ने निशाना बनाया और ताला तोड कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिस घर में चोरी हुई उसका भवन स्वामी शहर में नही था।जानकारी के अनुसार थाना रावतपुर क्षेत्र के रामलला मंदिर के पास रहने वो एलआईसी से रिटायर्ड विकास अधिकारी उदित नारायण चौहान का मकान है। वह शहर से बाहर गये हुए है। उनके खाली पडे घर को निशाना बनाते हुए चोरो ने बुधवार की बीती रात ताला तोडकर घर में प्रवेश किया और लाखों रूपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोबाइल पर बात करने पर भवन स्वामी उदित नारायण चौहान ने बताया कि वह निजी कार्य से रायबरेली आये हुए थे और घर पर ताला लगा हुआ था। उन्होने बताया कि उन्हे चोरी की घटना की जानकारी हुई और वह वापसी रास्ते में है। बताया कि घर पहुंचकर चोरी गये सामान का आंकलन किया जा सकेगा फिलहाल पडोसियों ने उन्हे सूचना दी, रिश्तेदारों को घर पर भेज दिया गया, जिस हिसाब से चोरी बताई गयी उससे लग रहा है कि चोर अलमारी का ताला तोड कर कैश और ज्वेलरी चुरा ले गये है।

# पुल से गुजरती ट्रेन से निर्वस्त्र कर महिला को फेंका

## कानपुर के गंगा पर बने रेलवे पुल की घटना, किसी प्रकार किनारे घाट तक पहुंची महिला स्थानीय लोगां ने महिला को दिए कपडे, पुलिस को किया सूचित,महिला के बदन पर कई चोट के निशान, बदहवास महिला कुछ भी बता पाने में असमर्थ, पलिस ने इलाज के लिए कराया भर्ती



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।इस हाडकपाऊ ठण्ड में दिल को पिघला देने वाली एक घटना सामने आई है। मंगलवार की सुबह गंगा नदी पर बने रेलवे पुल से एक निवस्त्र महिला को नीचे नदी में फेंक दिया गया।इस भीषण ठंड में किसी प्रकार महिला नदी किनारे घाट पर पहुंची और अचेत हो गयी। स्थानीय लोगों ने जब निवस्त्र महिला को देखा तो उसे कपडे देकर तत्काल पुलिस को सूचित किया। महिला की हालत और उसके शरीर पर चोट के निशान देखते हुए पुलिस द्वारा महिला को इलाज के लिएअस्पताल में भर्ती करवाया गया।

गंगा किनारे एक महिला को निवस्त्र हालत तें देखकर स्थानीय लोग एकत्र हो गये और उन्होने पहले महिला को वस्त्र दिऐ। बदहवास महिला कुछ भी बताने में असमर्थ थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को महिला ने बताया कि सुबह लगभग 6 बजे चलती ट्रेन से उसे फेंक दिया गया। किसी प्रकार वह किराने तक आ सकी और लोगों ने उसकी मदद की। महिला के शरीर में चोटे के निशान थे और उसकी हालत भी ठीक नही थी। बदहवास हालत पर उसके साथ क्या हुआ वह बता नही पा रही थी। फिलहाल पुलिस द्वारा इलाज के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी महिला सदमें से उबर नही पाई है, इस लिए पुख्ता जानकारी नही हो सकी है। महिला को इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया है। उसकी स्थिति सामान्य होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी साथ ही महिला का मेडिकल करवाया जायेगा।

# कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बने अखिल कुमार

## अखिल कुमार ने किया था 2005 में कुख्यात डकैत निर्भय गुर्जर का एनकाउंटर



**यूपी के लखनऊ, गाजियाबाद, अलीगढ, कन्नौज, अमरोहा में एसपी, एसएसपी के पद भार को संभाल चुके है ङ्क आईपीएस अखिल कुमार**

कानपुर नगर, कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के गठन के बाद 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिल कुमार पांचवे कानपुर के पुलिस कमिश्नर बने है, जिनकी नाम तेज तर्रार अधिकारियो में गिना जाता है और उन्हे शासन से कई मैडल प्रदान किए चुके है।2005 में अखिल कुमार ने कुख्यात डकैत निर्भय गुर्जर का एनकाउंटर किया गया साथ ही एक बडे कारोबारी के पुत्र के अपहरण के प्रकरण का खुलासा किया था।कानपुर के नए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एक तेज-तर्रार अधिकारी है तथा वह 2010 में डीआईजी मेरठ पद पर रह चुके है। उन्हे कार्यो पर शासन द्वारा उन्हे कई बार मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है।उन्होने उत्तर प्रदेश के लखनऊ सहित गाजियाबाद, कन्नौज, अमरोहा तथा गाजियाबाद में एसपी, एसएसपी के रूप में कार्य किया है। मेरठ से आप केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये थे और विदेश व जल संसाधन मंत्रालय में सेवा देने के उपरान्त उनकी यूपी में वापसी हुई थी। अखिल कुमार मूल रूप से बिहार के बेगूसरायके रहने वाले है। इससे पहले पुलिस आयुक्त डा0 आरके स्वर्णकार का सीतापुर पीटीएस में तबादला हुआ और गोरापुर के एडीजी रहे अखिल कुमार कानपुर के नए पुलिस मिश्नर बने।

# कांग्रेसियों ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन



कानपुर ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव हर प्रकाश अग्निहोत्री के नेतृत्व में शुक्रवार को घण्टाघर स्थित नेहरू प्रतिमा स्थल पर की गयी तोड-फोड तथा उसका स्वरूप बदलने को लेकर जिलाधिकारी कानपुर से भेंट कर उन्हे ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपने के बाद महासचिव हर प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि घंटाघर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू प्रतिमा स्थल पर तोडफोड कर वहा लगी रेलिंग व फब्बारों को निकाला गया जो सोची समझी साजिश की ओर इशारा कर रही है साथ ही मूर्ति को हटाकर उसके स्वरूप्ज्ञ को खत्म करने का काम किया जा रहा है। ज्ञापन में उन्होने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी हठधर्मिता छोडकर प्रतिमा स्थल व प्रतिमा हटाने का प्रयास किया तो कांग्रेस का कार्यकर्ता चुप नही बैठेगा और सडकों पर संघर्ष व आंदोलन का रास्ता अपनाकर यथा स्थिति बनाये रखने को बाध्य होगा।ज्ञापन देने वालों में इकबाल अहमद, सुनील राठौर, राजकुमार यादव, ग्रीन बाबू सोनकर, सतीश दीक्षित, चंद्रमणि, विजय त्रिवदी बाबा, मो0 लईक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।